20

हरिद्वार विकास प्राधिकरण, हरिद्वार

की

ऑडिट रिपोर्ट

अवधि

वर्ष 1986–87 एवं 1987–88

Scanned with CamScanner

(19) 1/19

हरिद्वार विकास प्राधिकरण हरिद्वार के लेखों पर सम्परीक्षा एवं निरीक्षण आख्या :-

---

अवधि- 1986-87 व 1987-88

प्रथम भाग

=======

1- प्रारम्भिक :-

=============

वर्तमान सम्परीक्षा दिनांक 23. 8. 88 को प्रारम्भ एवं दिनांक 14. 6. 89 को समाप्त हुई तथा वर्ष 1986-87 व 1987-88 के लेखों से सम्बंधित है।

विकास प्राधिकरण हरिद्वार का गठन शासकीय अधिसूचना संख्या 540/11-5-86- 23(1)डी०एम० एस०85 दिनांक 2 मई 1986 तथा विज्ञप्ति संख्या-3692/11- 5-86-23(1) डी०ए०/85 दिनांक 2 मई 1986, "लखनऊ" के अन्तर्गत किया गया था। विकास प्राधिकरण हरिद्वार के उपर्युक्त अवधि के लेखों की सम्परीक्षा, इस विभाग द्वारा प्रथम बार की गयी है।

द्वितीय भाग :- (वर्तमान लेखा परीक्षा)

2. प्रशासन :-आलोच्य अवधियों में क्रमशः दिनांक 1.4.86 से दिनांक 1. 8.86 तक जिलाधिकारी सहारनपुर उपाध्यक्ष, दिनांक 2. 8. 86 से दिनांक 21.2.87 तक श्री संजीव नायर, आई०ए०एस०उपाध्यक्ष, दिनांक 22. 2.87 से दिनांक 31. 3. 88 तक श्री हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव आई०ए०एस० उपाध्यक्ष तथा दिनांक 1. 8.86 से दिनांक 31. 3. 88 तक श्री आर०एन०उपाध्याय सचिव, विकास प्राधिकरण हरिद्वार के पद पर आसीन रहे।

3. वित्तीय स्थिति :- विकास प्राधिकरण के आय-व्यय का वर्गीकृत सारांश नहीं अनुरक्षित था। आय -व्यय से सम्बन्धित मासिक एवं वार्षिक लेखे तैयार नहीं किये गये थे। कैश बुक में आय-व्यय का मासिक योग नहीं

----क्रमशः 2

अंकित था । बैलेन्स सीट भी तैयार नहीं की गयी थी । ऐसी स्थिति में वर्ष में अंकित आय -व्यय के बाहय आगणन के आधार पर संकलित वित्तीय स्थिति निम्न वत थी, जो अनन्तिम है ।

	रुपये पैसे 1986-87	1987-88
1 अप्रैल को रोकड़ अवशेष	शून्य	38,86,211-02
वर्ष की आय	46,24,939-90	71,73,240-36
योग	46,24,939-90	1,10,59,451-38
वर्ष में व्यय	7,38,728-88	50,35,096-31
31 मार्च को रोकड़ इतिशेष	38,86,211-02	60,24,354-07 (क)
31 मार्च को रोकड़ बही लेजर इतिशेष	38,86,211-02	65,64,544-02 (ख)
31 मार्च को बैंक पासबुकों का शेष	38,86,211-02	65,64,544-02
अन्तर (क) व (ख) का	-	-5,40,189-93

बैंक पास बुको तथा लेजर के अनुसार इतिशेष का विवरण:-

	1986-87	1987-88
(1) नकद हस्तगत	1,200-00	शून्य
(2) स्टेट बैंक आफ इण्डिया हरिद्वार खाता नं० 11137	-	71,200-00
(3) पंजाब ने० बैंक ऋषिकेश खाता नं० 10579	-	1,42,075-00
(4) यूनियन बैंक आफ इण्डिया ऋषिकेश खाता सं० 9190	1,16,369-00	23,849-10
(5) पंजाब नेशनल बैंक ऋषिकेश खाता सं० 2175		2,17,364-50
(6) सेण्ट्रल बैंक आफ इण्डिया हरिद्वार बैंक खाता सं० 6000	17,68,642-02 (क)	3,08,141-12
7- पंजाब नेशनल बैंक हरिद्वार खाता सं० 5735		45,840-10
(8) पंजाब नेशनल बैंक नगर पालिका हरिद्वार खाता सं० 5735		3,56,075-00
योग	18,86,211-02	+1,64,544-02

पिछला अवशेष	18,86,211-02	11,64,544-82
[ ] सावधि जमा पत्रो मे [विनियोजित]	20,00,000-00	54,00,000-00
कुल योग	38,86,211-02	65,64,544-82

टिप्पणी-: [1] वर्ष 1986-87 के लेजर तथा बैक शेष स्टेटमेंट के अनुसार विवरण के क्रमाक [6] अंकित सेन्ट्रल बैक आफ इण्डिया हरिद्वार खाता संख्या 8000 मे 31 मार्च 87 को रुपये 19,443-30 का अन्तर था। अर्थात् लेजर का रू017,68,642-02 एवं बैक का रुपये 17,88,085-32 शेष था। इसका समाधान विवरण तैयार कर अन्तर को आगामी अवसर पर स्पष्ट किया जाय।

[2] वर्ष 1987-88 मे दिनांक 31.3.88 को रोकड़शेष तथा लेजर व पासबुको के बैक शेष में रुपये 5,40,189-95 का अन्तर था। इस अन्तर को बैक समाधान विवरण बनाकर स्पष्ट किया जाय। लेजर एवं बैक पास बुकों का इतिशेष एक ही था। परन्तु परिगणनानुसार उक्त अन्तर प्रकाश में आया। अतः [क] [ख] के अन्तर [ग] का कारण भी आगामी सम्परीक्षा मे स्पष्ट किया जाय।

[3] लेजर का इतिशेष रुपये 65,64,544-82 के जगह रुपये 60,24,354-87 होना था। ऐसी दशा मे 31 मार्च 88 तक निर्गत समस्त चेक भुन चुके थे, का कारण प्रमाण पत्र सहित दिया जाय।

[4] वर्षान्तों मे बैक तथा लेजर के अनुसार इतिशेष का संशोधन तैयार नही है। यह उचित नही था। इसे तैयार कर आगामी अवसर पर दिखाया जाय।

[5] लाइसेन्स शुल्क की आय का योग रुपये 32,600-00 के जगह रुपये 28,600-00 अंकित था। इस प्रकार रुपये4,000.00 कम अंकित था। इसी प्रकार शिवलोक आवासीय योजना के पंजीकरण शुल्क का योग रुपये 26,23,575 के जगह रुपये 22,52,325-00 दिखाया गया था। इस तरह कुल रुपये 3,75,250-00 कम आय दिखायी गयी थी। इस तरह के उदासीनता से प्राधिकरण की आर्थिक क्षति होने की सम्भावना वर्तमान रहती है। अभिलेखो में उचित संशोधन करते हुए कम आय दिखाने का कारण स्पष्ट किया जाय।

(8) स्वीकृत सारे पत्री अनुरक्षित कर उसकी प्रविष्टियां अनुच्छेद में स्थानान्तरित कराकर आगामी अवसर पर दिखायी जाय।

(8) आय-व्यय से सम्बन्धित मासिक एवं वार्षिक लेखे तैयार कर आगामी अवसर पर दिखाये जाय तथा रोकड़ बहियों का मासिक मिलान किया जाय।

(8) मिलान सीट तैयार नहीं की गयी थी। रिकन्सीलियेशन स्टेटमेंट भी तैयार नहीं किया गया था। समाधान लेखा में कैश बुक तथा बैंक के इतिशेषों का मिलान नहीं किया जा सका। ऐसी स्थिति परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा उ0प्र0 इलाहाबाद के पत्रांक- संदर्भ-5/एफ(34)/एम-5781/80 दिनांक 27.11.80 के अनुसार भी यह मिलान आवश्यक था। इसे तैयार कराया जाय तथा इस ओर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

(9) रोकड़ियों द्वारा अपनी रोकड़ बही नहीं अनुरक्षित (बनायी) गयी थी। इससे यह विदित नहीं हो सका कि इसके नाम कितने का चेक कटे थे। कितना-2 धन किसको-2 वितरीत हुआ। तथा किस तिथि को कितना अवशिष्ट रहा। आय का धन किस-2 दिन कितना आया, कब कितना जमा हुआ तथा नकद धन अवशिष्ट रहा।

(10) बजट :- विभिन्न शीर्षकों के अन्तर्गत आय की जांच व्यय हेतु "बजट" पत्रावली उपलब्ध नहीं कराई गयी। अतः ऐसी दशा में अधि[illegible] बजट प्राविधानों की समुचित जांच :- सम्भव न था। यह भी सम्भव है कि प्राधिकरण का व्यय, बजट प्राविधानों तक सीमित न रहा हो। इस सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया जाता है।

(11) आय-व्यय का विवरण परिशिष्ट (क) पर अंकित है।

4. नकद परिसम्पत्ति एवं दायित्व :- विकास प्राधिकरण का आलोच्य वर्ष का न तो तुलन पत्र बनाया गया था और न दिनांक 31 मार्च को प्राधिकरण के नकद परिसम्पत्ति एवं दायित्वों का विवरण नहीं तैयार किया गया था। जिससे इसके सम्बन्ध में वांछित जांचकर स्थिति का आकलन बाह्य परिगणनानुसार सम्भव नहीं हो सका। इस निर्मित अधियाचन संख्या 40 दिनांक 21.1.89 द्वारा उपाध्यक्ष एवं सचिव का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया गया था। इसे तैयार कर आगामी अवसर पर दिखाया जाय।

..../6

...कीय अनुदान :- प्रमाणित किया जाता है कि विकास प्राधिकरण ...र को आलोच्य वर्ष में प्राप्त अनुदानो का उपभोग उन्ही मदो पर ...या है, जिस निर्मित वे स्वीकृत थे । इन पर लगाये गये शर्तो का ...आख्या मे अन्यथा उल्लिखित अनुच्छेदों के अतिरिक्त नहीं किया ...ा है । अनुदानो का विवरण परिशिष्ट "ख" मे उल्लिखित है । निरस्त

...आलोच्य वर्षो मे प्राधिकरण को निम्न अनुदान प्राप्त हुआ था ।
...र्ष 1986-87 मे शा0सं05912/11-5-86-23§1§डी0ए0/ डी0ए0/8 दिनांक 9.1.87 द्वारा रुपये 1,00,000-00 स्थापना अनुदान स्वीकृत था, जो दिनांक 9.2.87 को प्राप्त हुआ था ।
वर्ष 1987-88 हेतु शासनादेश सं02876/11-5-87 दिनांक 2.7.87 द्वारा रुपये 1,00,000-00 का अनुदान स्वीकृत हुआ था, जो दिनांक 10.9.87 को प्राप्त हुआ था ।

टिप्पणी :- §1§ स्वीकृत पत्र के अनुसार दिनांक सितम्बर 87 तक उक्त अनुदान का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित करना था जो सम्प-रीक्षा समय तक महालेखाकार§इलाहाबाद§ को प्रेषित नही था । इसे तत्काल प्रेषित कराकर आगामी सम्परीक्षा समय दिखाया जाय ।

§11§ अनुदानो का विवरण परिशिष्ट "ख" व "घ" पर अंकित है।

6. अनावर्तक अनुदान :- आलोच्य अवधियो में कोई भी अनावर्तक अनुदान प्राप्त नहीं हुआ था । इसकी लिखित पुष्टि की जाय ।

7. देय सम्परीक्षा शुल्क :- आलोच्य वर्ष 1986-87 के कुल आय रुपये 46,24,939-90 पर शासनादेश संख्या- आडिट 1982/दस-78-355§10/71 दिनांक 21 जून 1978 के आधार पर सम्परीक्षा शुल्क कुल रुपये 14,390/- आरोपित किया गया है ।

इसी प्रकार वर्ष 1987-88 की कुल आय रुपये 71,73,240-36 मे से ठेकेदारो की जमानत की धनराशि रुपये 23,480/- तथा शिवलोक आवासीय योजना, टीबड़ी ....., हरिद्वार वर्ष 1987-88 मे वापस पंजीकरण शुल्क की धनराशि रुपये 3,75,250-00 कुल रुपये3,98,730-00 घटाने पर अवशेष धन रुपये 67,74,510-36 पर उपरोक्त शासनादेशानुसार निर्धारित दर से सम्परीक्षा शुल्क रुपये 20,840-00 आरोपित किया गया है ।

§1§ इसका विवरण परिशिष्ट "च" पर अंकित है ।
§11§ ..... उपर्युक्त सम्परीक्षा शुल्क को निम्नांकित शीर्षक मे

Scanned with CamScanner

सरकारी कोषागार में जमा कराकर मालाकी मापयां से अतिरिक्त अधि... को प्रेषित किया जाय।

कोषागार:एस:टी:ई:-

"0070 अन्य प्रशासनिकसेवायें,
-60 अन्य सेवायें
110 सरकारी लेखा परीक्षा आडिट के लिये
प्राप्तीय में जमा किया जाय।

§111§ शुल्क हेतु बजट में कोई प्राविधान नहीं किया गया था। भविष्य में इसका प्राविधान किया जाय।

8. राजकीय "ऋ" ऋण :- राजकीय ऋणों की प्राप्ति एवं प्रतिसंदाय से सम्बन्धित स्थिति सलग्न परिशिष्ट "ग" में दर्शायी गयी है। आकड़ो की पुष्टि वाछनीय है।

§2§ कोई ऋण पंजिका नहीं बनायी गयी थी। इसे अनुरक्षित कर आगामी अवसर पर दिखाया जाय।

§3§ प्रमाणित किया जाय कि उपरोक्त के अतिरिक्त आलोच्य अवधियों में अन्य कोई ऋण प्राप्त नहीं हुआ।

§4§ क्रमाक 1 पर अकित ऋण के सम्बन्ध में शासनादेश के पैरा 2 के अनुसार इस ऋण का उपभोग केवल आवासीय योजनाओं में, भूमि अध्याप्ति एवंविकास योजनाओं के अन्तर्गत किया जाना था।

प्रस्तर 3 के अनुसार निर्मित भवनों का आवटन केवल कमजोर वर्ग तथा अल्प आय वाले व्यक्तियों को ही किया जायेगा।

शर्त -5 के अनुसार प्राधिकरण अपनी योजनाओं का प्रारूप तैयार करके मुख्य नगर एव ग्राम्य नियोजक उत्तर प्रदेश से स्वीकृति कराके भूमि अध्याप्ति एव आवासीय योजना कार्यान्वित करने की कार्यवाही करेगे।

ऋण उपयोग से सम्बन्धित त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट शासन तथा मुख्य नगर एवं ग्राम्य नियोजक उत्तर प्रदेश लखनऊ को भेजना था।

उपर्युक्त शर्तों के परिपालन की स्थिति को स्पष्ट किया जाय।

§5§ क्रमांक 2 पर अकित ऋण रुपये 15,00,000-00 के सम्बन्ध में शासनादेश की शर्त §1§ के अनुसार धनराशि जिला-- विकास प्राधिकरण के पी०एल०ए० खाते में डाली जानी थी और उसे शासन के अनुमति से तभी निकाला जायेगा जब उसके व्यय की वास्तविक आवश्यकता हो। यदि प्राधिकरण के पास पी०एल०ए० खाता न हो, तो वहा के सम्बन्धित

धिकारी के पी0एल0ए0 खाते मे नही डाला जायेगा ।

बाकी शर्ते क्रमांक 1 पर अंकित ऋण के अनुरूप थी ।

उक्त धनराशि को पी0एल0ए0 कोषागार खाते मे न रखकर प्राधिकरण के खाते मे जमा कर दिया गया था ।जो उचित नही था ।

शासनादेश मे निहित शर्तों के उंलघन के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जाय ।

9. विनियोजन :- उप सम्परीक्षा मे प्रस्तुत विवरण के अनुसार आलोच्य वर्षों में विनियोजन की स्थिति निम्नांकित थी । विनियोजित धनराशियो किन-किन मदो की थी, उल्लिखित नही था । इसकी स्थिति आगामी अवसर पर स्पष्ट किया जाय ।

परिपक्वता तिथि तथा भुनाने के बाद प्राप्त होने वाली धनराशि का उल्लेख पंजी में दर्ज नहीं था । इसे पूर्ण कर तत्काल सूचित किया जाय ।

वर्ष 1986-87 में विनियोजित धनराशियो से प्राप्त व्याज की स्थिति वर्ष 1987-88 में विनियोजन के पूर्व का उल्लिखित नही था । इसे विवरण सहित स्पष्ट किया जाय ।

क्रमांक बैंक का नाम	सावधि जमा रसीद की सं0	विनियोजन की तिथि	विनियोजित धनराशि	विनियोजन की अवधि/तिथि
1. सेण्ट्रल बैंक आॅ0इ0 हरिद्वार	यू0/ए993958	28.11.86	4,00,000/-	6 माह
2. पंजाब नेशनल बैंक मायापुर हरिद्वार	क्यूएडी0क्यू0-175445	28.2.87	2,50,000-00	-"-
3. स्टेट बैंक हरिद्वार	टी0एन0951222	1.3.87	2,50,000-00	-"-
4. इण्डियन ओवरसीज बैंक कनखल	044744	6.2.87	1,00,000-00	-"-
5. सीडिकेट बैंक कनखल	066398/22	1.3.87	2,00,000	-"-
6. -तदैव-	066399/23	1.3.87	2,00,000-00	-"-
7. -तदैव-	066400/24	1.3.87	2,00,000	-"-
8. -तदैव-	066401/25	1.3.87	2,00,000	-"-
9. -तदैव-	0787684/541	अज्ञात	2,00,000	3 माह
		योग	20,00,000	

...../8

....8

वर्ष 1987-88

1. पंजाब नेशनल बैंक मायापुर हरिद्वार	667437	24.3.88	3,00,000-00	6 माह
2. -तदैव-	क्यू0बी0एफ0 667696	2.3.88	2,50,000-00	—"—
3. -तदैव-	क्यू0बी0एफ0 667436	1.3.88	12,00,000-00	—"—
4. डाकघर मायापुर हरिद्वार	अल्प बचत पी0एल0 1431571	28.3.88	12,00,000-00	14.6.88 तक
5. तदैव -	1 वर्षीय सावधि जमा खाता सं0 235058	28.3.88	3,00,000-00	एक वर्ष के लिये
6. भारतीय स्टेट बैंक हरिद्वार	टी0एफ0 952184	1.3.88	2,50,000-00	छः माह
7. इण्डियन ओ0बैंक [illegible]	80/जी0 - 045139	23.6.87	5,00,000-00	1 वर्ष के लिये
8. -तदैव -	आर0डी0पी0 96/88	23.2.88	1,00,000-00	6 माह
9. सेण्ट्रल बैंक आफ इण्डिया	0/80896/189/88	1.3.88	2,00,000-00	6 माह
10. " -	0/80896/190/88		2,00,000-00	
11. सेण्ट्रल बैंक आफ इण्डिया	580722	29.1.88	4,00,000-00	6 माह
12. ओरियेण्टल बैंक [illegible]	अज्ञात	31.1.88	2,00,000-00	6 माह
13. पंजाब एवं सिन्ध बैंक हरिद्वार	अज्ञात	22.12.87	2,00,000-00	—"—
14. तदैव -	अज्ञात	22.12.87	1,00,000-00	—"—
		योग	54,00,000-00	

...../9

10. रुपये 3,100-00 स्थायी अग्रिम का असमयोजित पड़े रहना :-

र्ष 1987-88 में निम्न व्यक्तियों के नाम कतिपय धनराशियाँ अग्रिम के प मे असमायोजित पड़ी हुई थी । यह अग्रिम विवरण में उल्लिखित ार्यों हेतु दी गयी थी । इनके समायोजन सम्बन्धित अभिलेख उपलब्ध नही कराये गये । इतने लम्बे अन्तराल तक धन को सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा अपने पास रखने का कोई औचित्य नहीं था । समायोजन वाउचरों के अभाव में इसकी वापसी कराकर आगामी अवसर पर दिखाया जाय ।

के नाम कर्म./अधिकारी पद	कार्य का विवरण	अग्रिम धनराशि
श्री मामचन्द - अवर अभियन्ता	अतिथि सत्कार हेतु	500-00
" नानक चन्द गुप्ता, एडवोकेट	कानूनी व्यय हेतु	2,500-00
	योग	3,000-00

1. सम्पत्ति पजिंका :- सम्परीक्षा के समय बार-2 अनुरोध तथा अधियाचन 40-दिनाक 21.1.89 द्वारा इस निर्मित ध्यान आकर्षित करने के बावजूद ी सम्पत्ति पजिंका अनुरक्षित कर नही दिखाई गयी । अतः प्राधिकरण ल सम्पत्तियो का सम्यक सत्यापन अभिलेखो के अभाव मे नही हो सका । अनुरक्षित कर आगामी अवसर पर दिखाया जाय ।

§1§ कार्यालय भवन का उपयोग निजी आवास के रूप मे किया जा रहा था। व्यवस्था शासन-ए-1-2203/दस-14§31-60§ दिनांक 17.7.80 के परीत थी । इस निर्मित जो किराया प्राप्त हो रहा था । वह कारपेट रिया के दर से नही था । इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही कर आगामी वसर पर दिखाया जाय ।

2. जमानत :- प्राधिकरण हरिद्वार में कार्यरत कर्मचारियो से नकद धन था भण्डार एवं सीमेण्ट स्टोर का रख- रखाव एवं लेने देन करने वाले र्मचारियो से जमानत नहीं जमा करायी गयी थी । यह प्रक्रिया अनियमित ी । नियमानुसार सम्बन्धित कर्मचारियो से जमानत जमा कराकर आगामी वसर पर दिखायी जाय ।

3. मांग समाहरण की स्थिति :-

§1§ विकास शुल्क की कितनी मांग थीय उसके विरुद्ध कितनी वसूली हुई, सूली सही समय पर हुई, मॉग सही थी, वर्षान्त में वसूली हेतु कितना धन अवशेष रहा, इसका विवरण प्रमाणित पजी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाय ।

.…./10

इसके अलावा अन्य शुल्को के मांग एवं समाहरण की स्थिति भी स्पष्ट की जाय। वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाय।

14. ठेकेदारो को निर्गत सामग्रियो की मांग :- समाहरण पंजी :- इस पंजी की जांच हेतु मांग -पत्रों एवं बिलो से कटौती के सत्यापन हेतु ठेकेदारो का सामग्री मारा भुगतान बिल एवं सम्बन्धित माग समाहरण पंजी उपलब्ध नही करायी गयी। सामग्रियो की वार्षिक क्रय एवं उसके मूल्य या किराये की स्थिति (अभिलेख उपलब्ध नहीं होने के कारण) का ज्ञान सम्भव नहीं हो सका। अतः वार्षिक स्थिति का अनुमान अंकित किया जाना सम्भव न हो सका। इसे तैयार कर आगामी अवसर पर दिखाया जाय।

15. ऋणों के प्रतिदान हेतु " शोधन निधि " का न रखा जाना :- इस निधि के लेखे अनुरक्षण के अभाव में इसकी जांच सम्भव न हो सकी। नकद परिसम्पत्ति एवं दायित्व के साथ-2 इसका विवरण बनाया जाना आवश्यक है। इसको अनुरक्षित कराकर दिखाया जाय।

16. विकास शुल्क का उपयोग विकास कार्यों पर नहीं किया जाना, गठन के उद्देश्यो का दमन रू026,12,514-45 :- प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों से स्पष्ट हुआ कि प्राधिकरण अपने क्षेत्र में कोई भी विस्तृत पैमाने पर विकास कार्य नही कर रही थी, जो था भी वह बहुत कम था। इस तरह प्राधिकरण गठन के उद्देश्यो की पूर्ति नहीं हो रही थी। इस आख्या के क्रमांक 1 प्रारम्भिक मे उल्लिखित अधिसूचना एवं विज्ञप्ति के अनुसार हरिद्वार प्राधिकरण का क्षेत्र घोषित कर, विकास हेतु ही इसका गठन हुआ था। इस क्षेत्र के विकास के निर्मित्त प्राधिकरण के पास विकास शुल्काय वर्ष 1986-87 में रूपये 3,68,802-20, वर्ष 1987-88 में रूपये 12,10,271-40 कुल रूपये 26,12,514=45 विधिवत संचित था।

उत्तर प्रदेश नगर नियोजन तथा विकास अधिनियम 1973 के धाराओं में इस बजत का उल्लेख करते हुए स्पष्ट निदेश दिया गया है कि "विकास शुल्क स्वरूप प्राप्त आय को प्राधिकरण क्षेत्र में विकास कार्यों पर व्यय किया जायेगा। किसी अन्य सस्थान या समिति को किसी भी रूप में स्थानान्तरित नही किया जायेगा।"
प्राधिकरण में नियत अधिकारियों के अतिरिक्त 1 सचिव 1 लेखाधिकारी 1 सहायक नगर नियोजक, 1 सहायक अभियन्ता, 6 अवर अभियन्ता, 1 नायब तहसीलदार, 1 ड्राफ्ट मैंन, 8 लिपिक, 11 अन्य कर्मचारी तथा 11 दैनिक कर्मी कार्यरत थे। 6 अवर अभियन्ता, 1 ड्राफ्ट मैन

...../11

(309)

(14)

(1/14)

यक अभियन्ता कार्यरत होने के बावजूद भी कोई विकास कार्य या जा रहा था । सभी अधिकारी/कर्मचारी मात्र नक्शा पारण में लगे थे तथा विकास कार्य शून्य था । इस ओर सक्षम अधिकारियो का ध्यान आकर्षित किया जाता है ।

कास व्यय समय से निर्धारित न किये जाने के कारण प्राधिकरण

खो रुपये का सम्भावित क्षति :- विकास प्राधिकरण हरिद्वार के बैठक दिनांक 13.11.86 को " विकास व्यय दर निर्धारण के सम्बन्ध में । लिये गये निर्णयानुसार निम्न क्षेत्रो में विकास व्यय निम्नाकित निश्चित किया गया ।

र्य नगर	रुपये 32/- प्रति वर्ग मीटर	
रवा0स0गृ0समिति "	38/- ——"——	
ना नगर "	35/- "——"——	
राम आश्रम "	28/- ——"——	
ल बाग कालोनी "	28/- ——"——	
मदपुर कड़द नई कालोनी	28/- ——"——	
0एच0इ0एल0 सेक्टर	38/- ——"——	
के पास कालोनी		

परोक्त के अतिरिक्त दिनांक 25.2.87 को बैठक के निर्णय के अनुसार पुरी कालोनी में रुपये 50/- प्रतिवर्ग मीटर विकास व्यय लिया स्वीकृत हुआ था । अन्य क्षेत्रो में उपरोक्त दर से ही विकास शुल्क जाता रहा । विल्डप एरिया से विकास शुल्क नही लिया जाता था । यह विदित है कि प्राधिकरण मई 86 से गठित था । परन्तु विल्टप से विकास शुल्क लेने का कोई निर्णय नहीं लिया हो सका था । किस कारण हुआ स्पष्ट किया जाय ।

इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेखनीय है कि समिति की चतुर्थ दिनाक 30.11.87 मे अन्य क्षेत्रो के अतिरिक्त विल्टप एरिया से विकास शुल्क लेने का निर्णय किया गया था । अतः दिसम्बर 87 के पूर्व स्वीकृत क्षेत्रो के अतिरिक्त अन्य विल्टप क्षेत्रो से बिना विकास शुल्क लिये मानचित्र पास किये जाने से प्राधिकरण को लाखों रुपयें की क्षति भावित थी ।

यह स्पष्ट किया जाय कि विल्टप एरिया के मानचित्रों को स्वीकृत के पूर्व विकास शुल्क किन कारणों से नही लिया गया तथा दर क्यों गत न करायी गयी ।

Built up / Non-built up area का identification, मास्टर प्लान बनने के बाद ही संभव हुआ। अत: संभवत: मास्टर प्लान के अभाव में वर्ष 1986 में Built up/Non-built up area के क्लियर identification के Built up क्षेत्रों से विकास शुल्क की वसूली नहीं हुई होगी।

[signature] 5/5/..

उपरोक्त के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करते हेतु प्राधिकरण की समस्त बैठकों में रखे जाने वाले एजेण्डों एवं कार्यवाहियों को आगामी अवसर पर प्रस्तुत किया जाय।

18. मानचित्र पारण के पूर्व, टेक्निकल अधिकारी की आख्या का न लिया जाना :- प्राधिकरण हरिद्वार में दिनांक 2 अप्रैल 1987 से श्री राजेन्द्र प्रकाश गुप्ता "नायब तहसीलदार" प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थे। किसी भी तम्मीर मानचित्र को पारित करने के पूर्व इनकी आख्या नहीं ली गयी थी। जबकि भूमि सम्बन्धित सभी मामलों के निस्तारण हेतु तथ्य व वास्तविक स्थिति के ज्ञान हेतु, सस्ते और सुविधा जनक भूमि प्राधिकरण को अधिग्रहण करने में मदद के लिये इनकी नियुक्ति की गयी थी। इनकी सेवाओं का उपयोग भूमि अधिग्रहण में नहीं किया गया था। इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किया जाय।

नक्शा पारण में, भूमि के अधिपत्य के सत्यापन, हेतु इनकी आख्या अनिवार्य थी। इनकी आख्या के अभाव में यह स्पष्ट था, कि तथ्यों से हट कर, अनियमित भूमि पर भी नक्शे पास किये जा रहे थे। इस सम्बन्ध में प्रशासनिक कार्यवाही कर, परिणाम से सम्परीक्षा को अवगत कराया जाय।

19. प्राधिकरण गठन के पूर्व "अनाधिकृत निर्माणों के सम्बन्ध में कार्यवाही न, किया जाना :- उत्तर प्रदेश नगर नियोजन तथा विकास अधिनियम 1973 के इस निर्मित उल्लिखित धाराओं के अनुपालन में प्राधिकरण द्वारा "इस प्राधिकरण के गठन के पूर्व बिना नक्शा पास कराये तथा अनाधिकृत रूप से बनाये गये भवनों, होटलों, सरायों, धर्मशालाओं के सम्बन्ध में नियमानुसार कोई कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गयी थी। उपरोक्त अधिनियम में उल्लिखित नियमों का परिपालन सुनिश्चित कर इसे तत्काल लागू किया जाय।

20. निषिद्ध स्थानों पर निर्माण करने की अनुमति न देने का प्रमाण पत्र अप्रस्तुत :- हरिद्वार क्षेत्र में हरि की पौड़ी कुम्भ क्षेत्र, अन्य घाटों इत्यादि निषिद्ध स्थानों पर, बिना शासन की अनुमति, नियमों, उपविधियों में प्राविधानके होटलों, मकानों/सेवाश्रयों इत्यादि के नक्शे पारित कर निर्माण की स्वीकृति नहीं दी जा सकती थी। प्राधिकरण द्वारा इन क्षेत्रों में पारित नक्शों की पत्रावली उपलब्ध नहीं करायी गयी

.../13

हरिद्वार विकास क्षेत्र की महायोजना शासन के अनुमोदनोपरान्त जनवरी, 1992 से विधिवत रूप से लागू है। तदोपरान्त महायोजना के प्राविधानों के अनुरूप ही मानचित्र पारित किये जा रहे हैं। अनाधिकृत निर्माणों के विरुद्ध धारा 27/28 के अन्तर्गत कार्यवाही की जा रही है तथा वर्तमान में नवीनतम ... है तथा इसी के अनुरूप मानचित्र स्वीकृत किये जा रहे

Scanned with CamScanner

(13)

...कोई लिखित प्रारूप-पत्र ही दिया गया, जिससे यह स्पष्ट
...स्थानों पर कोई नक्शा पारित नहीं था। इस सम्बन्ध में
...प्राधिकारियों से सम्परीक्षा को अवगत कराया जाय।

...निर्माणों की जाच सम्बन्धित अभिलेख अप्रस्तुत:-

...1985-87 में जिप्सी यू0जी0एक्स-4533 द्वारा प्राधिकरण के सचिव
...दिनांक 22.10.86 को आई0डी0पी0एल0, स्वर्गाश्रम क्षेत्र, ऋषिकेश
...में अवैध निर्माणों के जाच हेतु यात्रा की गयी थी। इसके अतिरिक्त
...दिनाकों में, जांच हेतु यात्राये की थीं। इन जाचों में क्या पाया
...गया, से सम्बन्धित अभिलेख अनुपलब्ध रहे। इस सम्बन्ध से यह उल्लेखन य
...के अवैध निर्माण कार्यों की सूचना, जे0ई0 द्वारा अथवा जनता से शिकायत
...आधार पर या अन्य स्रोतो से प्राप्त हुई होगी। अत: उन सूचनाओं
...शिकायतों तथा कार्यवाही की पत्रावली सम्परीक्षा से यात्राओं के औचित्य
...सत्यापनार्थ उपलब्ध नहीं करायी गयी। इसे आगामी अवसर पर दिखाया
...जाय।

दिनांक	स्थान का नाम जहा अवैध कार्यों की जाच हेतु यात्रा की गई।	यात्रा का किलोमीटर
...10.86	आई0डी0पी0एल0, पशुलोक, स्वर्गआश्रम क्षेत्र (बैंक) ऋषिकेश	86
...11.86	हरिद्वार स्थानीय	32
...11.86	पी0एच0ई0एल0 क्षेत्र. टी0डी0एच हरिद्वार	69
...11.86	रायवाला हरिद्वार	30
...12.86	ऋषिकेश मुनी की रेती	61
...5.12.86	ऋषिकेश, शिवानन्दआश्रम	81
...8.12.86	स्थानीय	38
...9.12.86	स्थानीय	34
25.12.86	स्थानीय इण्डस्ट्रीयल एरिया	34
...7.1.87	बहादराबाद, सीपतवाला, इण्डस्ट्रीयल एरिया	34
...15.1.87	हरिद्वार में श्री पजवानी द्वारा किये गये निर्माण का निरीक्षण	64
...16.1.87	शिकायतों की जाच हेतु हरिद्वार, ज्वालापुर खिड़ी इत्यादि	32
...25.1.87	अवैध निर्माणों की जाच हेतु श्यामपुर दाल वाला (ऋषिकेश)	50

..../13

29.1.87	अवैध निर्माणों की जांच स्थानीय एवं	33
6.2.87	स्थानीय ——"——	18
27.2.87	ज्वालापुर, हरिद्वार	29
2.3.87	स्थानीय	24
4.3.87	अनधिकृत निर्माणों की जांच सीतापुर ग्राम	21

उपरोक्तानुसार ही दिनांक 17.1.87, 18.1.87, 19.1.87 एवं 20.1.87 को सहायक अभियन्ता द्वारा क्षेत्र कैंप तथा हरिद्वार में जांच का कार्य दर्शाया गया था। सहायक अभियन्ता की उक्त तिथियों की स्थल ... जांच से सम्बन्धित आख्या की पत्रावली उपलब्ध भी करायी जाय।

22. विकास शुल्क की अग्राह्य छूट से प्राधिकरण को लाखों की क्षति :-

प्राधिकरण हरिद्वार के अधिकारियों द्वारा, भवनों, भूखण्डों तथा अन्य व्यापारिक, औद्योगिक, संस्थानों का नक्शा स्वीकृत करने के पूर्व (शुद्धीकरण शुल्क) बाह्य विकास शुल्क को लेने का कोई ... आदेश नहीं किया गया था। यह अग्राह्य छूट थी। इससे प्राधिकरण को लाखों की क्षति हुई है। यह प्रक्रिया स्पष्ट रूप से "शासन देश सं० 5748/11-5-86-52 मिस /86 दिनांक 12.8.86 में किये गये प्राविधानों, जो समस्त उत्तर प्रदेश के प्राधिकरणों पर लागू था।" के विपरीत था।

प्राधिकरण ... हरिद्वार में दिनांक 31 मई, 1989 तक कुल 2047 नक्शे पारण हेतु (आये) प्रस्तुत थे। इनमें से 1196 नक्शे स्वीकृत थे। 522 निरस्त, तथा 329 कार्यवाही में अवशिष्ट थे। प्राधिकरण के सक्षम अधिकारियों द्वारा रुचि न लेने के कारण कुल स्वीकृत 1196 नक्शों पर (शुद्धीकरण शुल्क) बाह्य विकास शुल्क की वसूली नहीं हो सकी थी। इस सम्बन्ध में प्राविधिक कार्यवाही कर शासन तथा आगामी समापरीक्षा को अवगत कराया जाय। उदाहरण स्वरूप कुछ मानचित्रों की स्थिति निम्नवत है।

(क) नक्शा पत्रावली सं० 79/87-88 दिनांक 3.6.87, स्वीकृत दिनांक 11.11.87, सेक्रेटरी राम किशन मिशन, कनखल हरिद्वार "आवासीय भवन निर्माण के नक्शे पास करने के पूर्व बाह्य विकास व्यय रुपये 14,179-20 का न लिया जाना :- इस निमित्त उपरोक्त शासनादेश

(12)

1/12

311

... के सम्बन्ध में जाँच समय इस पत्रावली के अवलोकन से प्रकाश ... का कुल प्लाट एरिया 1417-92 ... । इस पत्रावली में वादी और पारण के पूर्व एन-2 पर ... की आख्या दिनांक 28.6.87 के क्रमांक 8 पर उल्लिखित ... विकास शुल्क के वसूली पर सहायक टाउन प्लानर की आख्या ... 26.9.87 द्वारा भी इस क्षेत्रफल पर बाह्य विकास शुल्क की वसूली ... उल्लेख करने के बावजूद भी सचिव द्वारा दिनांक 9.10.87 ... आदेश दिया गया कि " निर्माण कार्य कम्पस के अन्दर है, अतः ... शुल्क देय नहीं होगा । सचिव द्वारा दिनांक 7.11.87 के संस्तुती ... पर बिना बाह्य विकास व्यय वसूली के ही उपाध्यक्ष द्वारा ... वीकृत कर दिया गया था ।

महोदय, आपत्ति के अनुपालन अवगत कराना है कि प्रश्नगत मामला ग्रामीण आबादी का है जहाँ बाह्य विकास शुल्क देय नहीं है। अतः आपत्ति निरस्त किये जाने योग्य है।

Secretary
H. D. A.

शासनादेश सं0 5748/11-5-86-52 (मिस)/86 दिनांक 12.8.86 ... 2 के पैरा (2) के अनुसार रुपये 50-00 प्रति वर्गमीटर नियत दर से ... नीदस बुक्स के दर से रुपये 10/- प्रतिवर्गमीटर के हिसाब से कुल ... एरिया 1417-92 वर्गमीटर पर कम से कम रुपये 14,179-20 ... विकास व्यय देय होता है । इसकी वसूली शासनादेश के परिपालन में ... विकास प्राधिकरण हित में कराकर जमा से आगामी सम्परीक्षा को ... कराया जाय ।

... पत्रावली - ऋषिकेश/172/87-88 दिनांक 27.4.87, श्री बी0एल0 ... कुमारी गुलशन ग्रोवर, "गंगा आवासीय कालोनी सोमेश्वर नगर ... का अनियमित ढग से "बाह्य विकास व्यय रुपये 4,440-00 वसूल ... ना ही "दिनाक 19.8.87 को मानचित्र स्वीकृत किया जाना :-

... पत्रावली में अवर अभियन्ता की आख्या दिनांक 4.5.87 के क्रमांक ... यह क्षेत्र अविकसित लिखा था, अतः शासनादेश 86 के अनुसार ... सुदृढीकरण शुल्क लेना उचित है । इस आख्या से स्पष्ट था, कि ... की जानकारी प्राधिकरण को थी । अतः शासनादेश के दर से ... व्यय लेना चाहिए था । यदि ऐसा नहीं तो मीनिटस बुक्स के ... प्राधिकरण समिति की बैठक मे न्यूनतम नियत दर से रुपये 15=00 ... मीटर के हिसाब से, " इसके प्लाट एरिया 296 वर्गमीटर ... 4,440-00 की वसूली अवश्य किया जाना चाहिए थी । ... वसूली कराकर जमा का सत्यापन आगामी अवसर पर कराया जाय ।

महोदय, प्राधिकरण बोर्ड बैठक के निर्णय के अनुपालन में आवेदक से रसीद सं0 10/915 दिनांक 16.6.87 के द्वारा रु0 1480=00 जमा किये गये हैं यह दरें तत्समय प्रभावी के मान्य थी अतः अन्य शुल्क जमा कराये जाने की आवश्यकता नहीं है। कृपया आपत्ति निरस्त करने का कष्ट करें।

A.E.

Secretary
H. D. A.

..../17

[illegible] मानचित्र स्वीकृत किया जाना :-

[illegible] के केस /172/87-88 दिनांक 27.4.87 स्वीकृत दिनांक [illegible].87 श्री बी0एल0ग्रोवर व कुमारी गुलशन ग्रोवर गंगा आवासीय कालोनी वीरभद्र नगर ऋषिकेश. "कार्मशियल / आवासीय का नक्शा अनियमित ढंग से पास था । पत्रावली के अवलोकन से निम्नांकित तथ्य प्रकाश में आये -

(1) अवर अभियन्ता के आख्या दिनांक 4.5.87 पर सहायक अभियन्ता की आख्या दिनांक 8.5.87 के अनुसार यह मानचित्र कामर्शियल कम आवास का था । इसके प्लाट एरिया 296 वर्गमीटर पर रसीद स0010/915 दिनांक 16.6.87 द्वारा रुपये 1,480-00 विकास शुल्क जमा था । इस जमा की पुष्टि कर अवर अभियन्ता द्वारा दिनांक 19.6.87को सचिव के लिये आख्या दी गयी थी, जो सहायक अभियन्ता द्वारा दिनाक 22.6.87 मे प्रतिहस्ताक्षरित थी । सचिव द्वारा दिनांक 23.6.87 को, यह आपत्ति लगायी गयी थी कि " यह भूखण्ड गंगानगर आवासीय कालोनी में है । इसमे आवासीय भूमि शाप (दुकान) निर्माण की अनुमति बगैर शासन की अनुमति के सम्भव नहीं है । प्रार्थी को सूचित करे कि यदि आवासीय मानचित्र दाखिल करें तो प्राधिकरण को कोई आपत्ति नहीं होगी ।

उपरोक्त आपत्ति के आधार पर प्राधिकरण के प्रपत्र-34 (मेमो0) द्वारा दिनाक 1.7.87 को नोटिस देने पर, पार्टी द्वारा दिनाक 16.7.87 को "उसी नक्शे को बिना किसी परिवर्तन के, पूर्व दिशा मे प्रदर्शित (दिनाक 27.4.87 को दाखिल नक्शे) में ही शाप (दुकान) के जगह रूम (कमरा) लिखकर)" प्रस्तुत दिखाया गया था। मकान का निकास उत्तर (तरफ) दिशा में था और ये कमरे सड़क के किनारे। इनका प्रवेश द्वारा पूर्व के बजाय मकान के अन्दर से नहीं दिखाया गया था, अतः ये मकान के आन्तरिक संलग्नता से बाहर थे । लिखे अक्षरों पर इंक रीमूवर लगा था । इससे यह स्पष्ट है कि पूर्व अभिमत नक्शे मे ही मिटा कर परिवर्तन किया गया न था, न कि दूसरे परिवर्तित नक्शे सम्मिट किये गये । शेष तीन और नक्शे इस परिवर्तन के अनुरूप नहीं थे । यह एक गम्भीर प्रकरण था । इससे कार्य पद्धति की सत्यता का अभाव प्रदर्शित हो रहा था ।

....../

महोदय,
अवगत कराना है कि [illegible] नगर हेतु महायोजना का प्राविधान अभी [illegible] अंतिम नहीं हो सका है जिस कारण [illegible] भी स्पष्ट [illegible] define नहीं है। आवेदक द्वारा जो भी [illegible] मानचित्र प्रस्तुत किया जाता है उसी उपयोग के आधार पर मानचित्र प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत किए जा रहे हैं। इस पर दुकान निर्मित है। अतः यह कोई गंभीर प्रकरण नहीं है। व्यवसायिक मान0 भी ह0वि0प्रा0 द्वारा ही स्वीकृत किए जाते हैं न कि शासन द्वारा। अतः आपत्ति निरस्त योग्य है।
[illegible]
AE

[signature]
Secretary
H. D. A.

312

(11)

1/11

17) -13-

इस दुकाने के कमरे व तथा कथित परिवर्तन नक्शे के कारण सहायक अभियन्ता की आख्या दिनांक 27.7.87 के अनुरूप सचिव की कृति आख्या दिनांक 16.8.87 के आधार पर, उपाध्यक्ष द्वारा दिनांक 8.87 को मानचित्र स्वीकृत कर दिया गया था। यह स्पष्ट था कि नक्शा कृति के बाद पुनः दुकानो का निर्माण हो गया होगा। बिल्डिंग कम्पलीशन सर्टीफीकेट के अभाव मे तथा बिना शासन के अनुमति यह स्वीकृत मानचित्र, स्टेप मानचित्र स्वीकृत है। इस सम्बन्ध मे प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित है 2

नक्शा पत्रावली ऋषि केश /262/87-88 दिनाक 28.9.87 स्वीकृत दिनाक 3.88 श्री एस0एस0 चौहान पुत्र श्री जी0एस0 चौहान, हरिद्वार मार्ग केश आवासीय एवं चिकित्सालय का नक्शा अनियमित ढंग से पास था। वली के अवलोकन से निम्नाकित तथ्य प्रकाश मे आये-

§1§ यह मानचित्र पी0 डब्लू0 डी0 के रोड के मध्य से 60 फीट के बाद फीट सेट बैक छोड़कर नही था।

§ पत्रावली के अवलोकन से विदित हुआ कि दिनांक 5.10.87 को उपरोक्त सम्बन्धित प्रकरण पर अवर अभियन्ता के आख्या पर दिनाक 8.10.87 सहायक नगर नियोजक द्वारा सचिव को दिये गये आख्या पर सचिव द्वारा 10.87 को आपत्ति को भवन मालिक को आपत्ति सूचित करने की कृति के बाद पुनः सहायक नगर नियोजक द्वारा दिनाक 18.12.87 को यक को निदेश था कि, आपत्ति सूचित कर दी जाय। माह अक्टूबर87 स्वीकृति के बाद तत्काल आपत्ति सूचित कर निस्तारण किया जाना हिए था, परन्तु अनावश्यक रुप से बिलम्ब कर दो माह बाद नोटिस दिया । इस पर भवन मालिक द्वारा कोई अपील या सुधार की कार्यवाही की गयी थी। इसके लगभग 3 माह बाद दूसरे अवर अभियन्ता द्वारा क 14.3.88 को यह आख्या दी गयी, कि पी0 डब्लू0डी0रोड के 4 फीट का सेट बैक पार्टी छोड़ने का कोई औचित्य नहीं है। आख्या के अनुसार सहायक नगर नियोजन अधिकारियों द्वारा दिनांक 3.88 को सचिव को सम्बोधित कर यह आख्या दी गयी, कि " पक्ष आपत्ति का निस्तारण कर दिया गया है। कृपया विकास व्यय रुपये 00-00 जमा करवाने हेतु अनुमोदित करने का कष्ट करें।" आख्या को आधार मानकर दिनांक 21.3.88 में सचिव द्वारा उपाध्यक्ष आख्या दी गयी, कि " कृपया पूर्व पृष्ठ पर जे0ई0 की रिपोर्ट दिनांक 3.88 का अवलोकन करें। इसमें रोड बाईडींग के बाद 4 फीट का सेट छोड़ना उचित नहीं है। अन्य सभी मानचित्रों के स्वीकृति पत्रावली के र सेट बैंक छुड़वाया जाता है। फ्रण्ड सेट बैंक में मेरे विचार से छूट देना नहीं है।"

महोदय,
PWD द्वारा सड़क के मध्य बिन्दु से 60' की छूट के पश्चात निर्माण की अनुमति दी गयी थी तदनुसार ही मानचित्र स्वीकृत किया गया। अतः आपत्ति निराधार है।

AE

Secretary
H. D. A.

सेट बैक की कोई छूट नही दी गयी है।

AE

Secretary
H. D. A.

....

इस आख्या को नकारते हुए दिनांक 16.3.88 को सहायक [illegible] नियोजक के आख्या को मानते हुए दिनांक 22.3.88 को रोक के [illegible] की हुए देकर विकास शुल्क जमा कराकर नक्शा पारीत करने की अपेक्षा [illegible] की गयी । स०नगर नियोजक की आख्या पर दिनांक 28.3.88 को नक्शा सचिव के आपत्तियों को नजरन्दाज कर पास [illegible] कर दी गयी। प्राधिकरण द्वारा अपनाये गये एक मानक तथा शासनादेशों का उल्लंघन कर, इस प्रकार पारण पूर्णत्या, त्रुटिपूर्ण था । इस सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही अपेक्षित है ।

24. शमन शुल्क रूपये 13,386-00 के जगह मात्र रूपये 2,819-00 जमा कराकर करने मानचित्र स्वीकृति/से रूपये 2,582-57 ब्याज की क्षति :

नक्शा पत्रावली सं० 28/86-87 दिनांक 15.12.86 मानचित्र स्वीकृत दिनांक 19.6.87 श्री धीरज सिंह प्लाट न0 126 ए नया हरिद्वार से कुल आरोपित शमन शुल्क रू0 13,386-00 में से मात्र रू02,819-00 दिनांक 19.5.87 को प्राप्त कर, अवशिष्ट धनराशि रूपये 10,567- के बावजूद भी नक्सा अनियमित ढंग से स्वीकृत कर दिया गया था। इस प्रकार के अनियमितता के फलस्वरूप ब्याज स्वरूप रूपये 2,582-57 की क्षति हुई थी । इसके सत्यापन समय प्रकाश में आया कि निम्न प्रक्रिया अपना कर यह क्षति की गयी थी । इसकी वसूली जिम्मेदार व्यक्ति से करायी जाय ।

(1) शासनादेश स0 5748/11-5-86-52 मिस /86 दिनांक 12.8.86 के भू-उपभोग परिवर्तन शुल्क के क्रमांक (2) के द्वितीय पैरा के अनुसार

" भू स्वामी भवन चित्र पास कराने के पूर्व नियमानुसार प्राधिकरण द्वारा निर्धारित विकास शुल्क एक मुस्त जमा करेगें । इसका अनुपालन न कर कुल आरोपितशमन शुल्क रूपये 13,386-00 में से रू010,567-00 बकाया होने के बावजूद भी यह नक्शा दिनांक 19.6.87 को स्वीकृत कर दिया गया था । और भू-स्वामी को भवन निर्माण की अनुमति दे दी गयी थी । यह पद्धति उपरोक्त शासनादेश तथासमस्त प्राधिकरणों में लागू व्यवस्था के विपरित जाकर कार्य सम्पादन का द्योतक है।

(11) सचिव के आदेश दिनांक 21.5.87 द्वारा अवशिष्ट शमन शुल्क प्रथम पार्टी को त्रैमासिक किस्तों में जमा करने का अनुदेश था । इसका उलंघन कर प्रथम पेक्ष धन समय से न जमा कर रसीद स042/4109

.../19

(313)

(10)

1/10

-2- (9)

11.5.89 को रुपये 5,000-00 द्वितीय किस्त के रूप में जमा किया । जबकि दिनांक 18.6.88 तक रुपये 1,268-04 जमा करना था के बाद तक रुपये 2,582-57 व्याज देय था । इसको काटने के व्याज को शमन शुल्क से घटाया जाना चाहिए था । इस ओर ध्यान तथा त्रैमासिक किस्त समय से जमा न करने एवं पर्याप्त समय हो जाने के बाद भी सम्परीक्षा समाप्ति समय तक पूर्ण धन तथा इस व्याज जमा न होने के फलस्वरूप नक्शा पारण का औचित्य समाप्त था । उचित कार्यवाही कर आगामी सम्परीक्षा को अवगत कराया

महोदय, आपत्ति के अनुपालन में अवगत कराना है कि पार्टी द्वारा सम्बन्धित राशि ब्याज सहित जमा करा दी गई है। भविष्य के लिए ध्यान रखा जायेगा।

Secretary
H. D. A.

